कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा/माध्य/अ–4/म.गां./अंग्रेजी माध्यम/2019–20/ दिनांकः 01.08.2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) –माध्यमिक।

स्मरण–पत्र
अत्यावश्यक

विषयः– जिला मुख्यालय पर नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में समस्त स्वीकृत पदों पर अध्यापकों/कार्मिकों का पदस्थापन/कार्यग्रहण सुनिश्चित किए जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– समसंख्यक निर्देश पत्र क्रमांकः 22.07.19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा आपको जिला मुख्यालय पर नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में स्वीकृत समस्त रिक्त पदों पर उपयुक्त शिक्षक/कार्मिक का पदस्थापन करवाये जाने हेतु अधिकृत किया जाकर दिनांक 26.07.2019 तक उक्त कार्य अनिवार्य रूप से निष्पादित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। अत्यन्त खेद का विषय है कि सर्वोच्च शासन स्तर पर उच्च प्राथमिकता के उपरान्त भी अनेक जिलों में उक्त कार्य में शिथिलता बरती जा रही है, जो आपके स्तर पर राजकीय कर्त्तव्य सम्पादन में उदासीनता एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशो की अवहेलना का द्योतक है। उक्त सम्बन्ध में आपको अंतिम चेतावनी देते हुए पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त विद्यालयों में स्वीकृत, परन्तु आज दिनांक तक रिक्त पदों पर उपयुक्त शिक्षक/कार्मिक का तत्काल पदस्थापन/कार्यग्रहण करवाने की कार्यवाही सम्पादित कर इस कार्यालय की ई–मेलः secondarydd2@gmail.com पर दिनांकः 05.08.2019 को सायं 5 बजे तक भिजवाना जाना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करावें।

उपर्युक्त निर्देशों की पालना में कोताही बरते जाने की अवस्था में आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर.

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रेषित कर लेख है कि संभाग क्षेत्राधिकार में अंग्रेजी माध्यम के नवस्थापित विद्यालयों में रिक्त पदों पर तत्काल पदस्थापन/कार्यग्रहण सुनिश्चितता करावें।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान को जिला क्षेत्राधिकार में प्रभावी पर्यवेक्षण एवं समुचित प्रबोधन हेतु।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर.